RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 347
हिसार | वीरवार, 14 मार्च, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ ६

## मुंबई ने 42वीं बार जीती रणजी ट्रॉफी, फाइनल में विदर्भ को दी मात

**पाठकपक्ष न्यूज**

***नई दिल्ली, 14 मार्च :*** *मुंबई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रणजी ट्रॉफी 2023-24 का खिताब अपने नाम कर लिया। मुंबई ने वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में मुंबई ने विदर्भ को 169 रनों से पराजित किया है। 538 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए विदर्भ अपनी दूसरी पारी में 418 रन ही बना सका। मुंबई ने रिकॉर्ड 42वीं बार ये खिताब अपने नाम किया है। वहीं विदर्भ का तीसरी बार खिताब जीतने का सपना टूट गया है। मुंबई ने 8 साल बाद रणजी का खिताब अपने नाम किया है।*




## पीएम से मिले सीएम, प्रदेश के सियासी हालातों पर की चर्चा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 14 मार्च :** हरियाणा के नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपने पहले दौरे पर दिल्ली पहुंचे। उन्होंने सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर प्रदेश के सियासी हालातों पर चर्चा की। मुलाकात के बाद सीएम नायब सैनी ने कहा कि सबको साथ लेकर मजबूती से हरियाणा को आगे ले जाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मुझे आशीर्वाद दिया है। मनोहर लाल के नेतृत्व में जो हरियाणा की छवि बनी है उन सब बातों को आगे बढ़ाना है।



महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मिले मुख्यमंत्री नायब सिंह।

## सफाई और जोखिम से भरे कार्यों में अनुबंध पर लगे कर्मचारियों का होगा बीमा

### मुख्यमंत्री हरियाणा कर्मचारी दुर्घटना सुरक्षा योजना शुरू, दस लाख तक मिलेगी वित्तीय सहायता



**पाठकपक्ष न्यूज**

**पंचकूला, 14 मार्च :** प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री हरियाणा कर्मचारी दुर्घटना सुरक्षा योजना शुरू करने की घोषणा की है। यह योजना विशेष रूप से राज्य के विभिन्न विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, नगर पालिकाओं और स्वायत्त निकायों में समूह सी और डी-संविदा कर्मचारियों के साथ-साथ सफाई कर्मचारियों के लिए बनाई गई है। इसका उद्देश्य ड्यूटी के दौरान आकस्मिक मृत्यु या स्थायी विकलांगता की स्थिति में पात्र लाभार्थियों को सामाजिक-वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। योजना के तहत पात्र लाभार्थियों और उनके परिवारों को सहायता प्रदान करना और उनका सामाजिक-आर्थिक कल्याण सुनिश्चित करना प्राथमिक लक्ष्य है।

**पात्रता मापदंड :** पंजीकृत परिवार पहचान वाले हरियाणा के निवासी पात्र हैं। यह योजना शहरी स्थानीय निकाय विभाग और विकास एवं पंचायत विभाग के सफाई कर्मचारियों के साथ-साथ लाइनमैन, सहायक लाइनमैन, सब-स्टेशन अटेंडेंट, शिफ्ट अटेंडेंट, ग्रिड सब स्टेशन ऑपरेटर, फायर ड्राइवर, फायरमैन, सीवर मैन और सीवर हेल्पर जैसी उच्च जोखिम वाली भूमिकाओं में लगे समूह सी और डी संविदा कर्मचारियों को कवर करती है।


**सहायता राशि :** दुर्घटना से हुई आकस्मिक मृत्यु या स्थायी विकलांगता के मामले में, लाभार्थियों को वित्तीय सहायता मिलेगी। ग्रुप सी और डी कर्मचारी 10 लाख रुपये के लिए पात्र हैं, जबकि सफाई कर्मचारियों को पांच लाख मिलेंगे।

**दावा प्रक्रिया :** विभागों को घटना के तीस दिनों के भीतर ट्रस्ट को सूचित करना होगा।आवश्यक दस्तावेजों में दावा फॉर्म, परिवार पहचान, पुलिस सूचना/ एफआईआर/ डीडीआर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मृत्यु प्रमाण पत्र या प्रमाणित चिकित्सा प्राधिकरण से स्थायी विकलांगता प्रमाण पत्र शामिल हैं। भुगतान सीधे पीपीपी डेटाबेस या आधार से जुड़े खातों में पंजीकृत बैंक खाते में किया जाएगा।

**कार्यान्वयन एजेंसी :** हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास मुख्य कार्यकारी अधिकारी के नेतृत्व में योजना के कार्यान्वयन की निगरानी करेगा। यह व्यापक योजना असमान्य परिस्थितियों में संविदा कर्मचारियों के संरक्षण और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार की कर्मचारियों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपनी निजी संपत्ति दान की

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 14 मार्च**
**(इकबाल सिंह उप्पल):** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपनी सारी निजी संपत्ति प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में दान करने की घोषणा कर दी है। यहां तक की अपने निजी घर को भी उन्होंने एक पुस्तकालय के लिए दान कर दिया है। विधायक और बड़े बिजनेसमैन गोपाल कांडा ने उन्हें एक निजी फार्म हाउस लेकर देने की इच्छा जाहिर की थी इस पेशकश को भी मनोहर लाल खट्टर ने ठुकरा दिया था। हरियाणा में किसी पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा अपनी सारी संपत्ति दान करने का यह पहला मामला है। मुख्यमंत्री व विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद मनोहर लाल खट्टर करनाल से लोकसभा चुनाव



भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर लड़ने जा रहे हैं। सारी संपत्ति दान करने की वजह मनोहर लाल खट्टर अपने आप को भारतीय जनता पार्टी उसके संगठन के लिए समर्पित करने को बता रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के इस कदम की कुछ लोग जहां प्रशंसा कर रहे हैं वहीं कुछ लोग इसे चुनावी स्टंट भी बता रहे हैं।

## बिना किसी वैधानिक बाधा के, नायब सैनी को मुख्यमंत्री पद पर नियुक्ति हो सकती है

### मौजूदा सांसद बिना त्यागपत्र दिए बन सकता है प्रदेश का मुख्यमंत्री

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 14 मार्च :** भारत देश की संसद के मौजूदा सदस्य अर्थात सांसद को प्रदेश के मुख्यमंत्री (सी.एम.) के तौर पर नियुक्त किया जा सकता है और ऐसी नियुक्ति में किसी भी प्रकार का संवैधानिक या कानूनी प्रतिबंध (निषेध) नहीं है, बीते दिवस हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में नायब सैनी की नियुक्ति को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) में इस आधार पर चुनौती दी गई है कि चूंकि वह सांसद होने के फलस्वरूप भारत सरकार के तहत लाभ के पद के धारक हैं एवं हरियाणा विधानसभा का सदस्य हुए बिना राज्य के मुख्यमंत्री का पद लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के साथ-साथ भारत के संविधान के प्रावधानों के तहत सांसद के पद से अयोग्यता को आमंत्रित करता है। यह कहना है पंजाब और हरियाणा एडवोकेट हेमंत कुमार का।

## पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर की पत्नी परनीत कौर हुई बीजेपी में शामिल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 14 मार्च :** लोकसभा चुनावों को लेकर पंजाब में अब राजनीति तेज हो गई है। अलग-अलग राज्यों में राजनीतिक दलों द्वारा अपने-अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जा रही है। इस बीच पटियाला से सांसद और पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी परनीत कौर आज बीजेपी में शामिल हो गई हैं। माना जा रहा है कि भाजपा उन्हें पटियाला सीट से लोकसभा चुनाव में उतार सकती है। परनीत कौर पंजाब की पटियाला सीट से चार बार कांग्रेस की सांसद रही हैं। उन्हें बीजेपी पटियाला से सीट दे सकती है क्योंकि वो बीते 25 सालों से पटियाला लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही है। इसके साथ ही ये 30 सालों में पहला मौका होगा जब बीजेपी का कोई उम्मीदवार इस सीट से चुनाव लड़ेगा।



### कांग्रेस ने कर दिया था निलंबित

गौरतलब है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में कांग्रेस ने परनीत को तीन फरवरी 2023 को निलंबित कर दिया था। हालांकि लोकसभा की सदस्यता न जाए, इस वजह से परनीत कौर ने पार्टी से इस्तीफा नहीं दिया था। परनीत पर आरोप लगे कि वह लगातार भाजपा के कार्यक्रमों में जा रही हैं। यही नहीं उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भी हिस्सा नहीं लिया था।

## नायब सैनी को सीएम बनाकर हाईकमान ने बढ़ाया हर मेहनतकश वर्ग का सम्मान : ओबीसी मोर्चा

### पदाधिकारी बोले, भाजपा में दिया जाता हर छोटे से छोटे कार्यकर्ता को सम्मान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर प्रदेश के किसान, मजदूर व मेहनतकश वर्ग सहित हर वर्ग का सम्मान बढ़ाया है। वास्तव में भारतीय जनता पार्टी में जहां हर वर्ग को सम्मान मिलता है वहीं हर छोटे से छोटे कार्यकर्ता को भी सम्मान दिया जाता है। यह बात भाजपा ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों ने जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। जिला महामंत्री अशोक सैनी, युवा जिला अध्यक्ष गोल्डी सैनी, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सदस्य सुरेन्द्र सैनी एवं ओबीसी मोर्चा की महामंत्री आशा यादव ने नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुलदीप डेलू, युवा मोर्चा से हर्ष बामल, नरेश जांगड़ा लाडवा, अनुसूचित जाति मोर्चा से राजकुमार इंदौरा, ओबीसी मोर्चा से बीरबल स्वामी व बसंत कुमार पंवार भी इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद रहे। बातचीत में जिला महामंत्री अशोक सैनी ने कहा कि नायब सिंह सैनी अत्यंत साधारण किसान परिवार से आगे बढ़े और अपनी मेहनत के बल पर यहां तक पहुंचे हैं।

### राव इंद्रजीत सिंह ने हिसार कार्यकर्ताओं के साथ की मीटिंग

## बोले-राजनीति की शुरुआत निचले पायदान से करनी चाहिए



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** गुरुग्राम लोकसभा की टिकट मिलने के बाद राव इंद्रजीत सिंह ने हिसार में कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की। यहां उन्होंने अपने राजनीतिक सफर के बारे में बताया। उन्होंने कहा अपने राजनीतिक सफर को बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी छोड़ने के बाद हमने इंसाफ मंच बनाया था जिसमें मांगेराम जी को जिला अध्यक्ष बनाया था। एक दिन शहीदी दिवस के मौके पर नरेंद्र भाई मोदी जी से बात हो गई। मैं उनको इनवाइट करने गया। उस समय मोदी जी गुजरात के सीएम हुआ करते थे। उन्होंने कहा कि तुम क्या सोच रहे हो। हमने कहा हम अपनी पार्टी बनाएंगे। फिर उन्होंने कहा कि पार्टी छोड़ो नेशनल पार्टी ज्वाइन कर लो। उस समय हम भाजपा से जुड़े थे। स्टेट पॉलिटिक्स को लेकर उन्होंने कहा किह 1977 से स्टेट पॉलिटिक्स में रहा। चार बार विधायक बना। 1998 में कांग्रेस पार्टी का मैं और भूपेद्र हुड्डा लोकसभा में कैंडिडेट थे। उसके बाद करगिल युद्ध शुरू हो गया। जिसके बाद कांग्रेस का सुपड़ा ही साफ हो गया। 10 की दस सीटें अपॉजिशन में चली गईं। 2002 में मैं फिर से एमएलए बन गया। मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहता। ये तो गलत फहमी है। लोग चाहते हैं कि मैं सीएम बनूं। लेकिन दक्षिणी हरियाणा का चुनाव में पूरा योगदान होता है। लेकिन चुनाव के बाद लोग जितनी अपेक्षा करते हैं वैसा नहीं दिया जा सकता।

अहीरवाल इलाके में आपको उतारा है। चर्चाएं हो रहीं थीं कि लोकसभा के लिए आपकी बेटी को उतारा जाएगा। इस पर उन्होंने कहा कि जो लंबी राजनीति करना चाहता है उसकी शुरुआत नीचे से होनी चाहिए। क्योंकि लोगों के काम तो जनता के बीच रहकर ही पूरे किए जा सकते हैं। वह ट्रांसफर से जुड़े काम हो या अन्य। शुरुआत में ही कोई लोकसभा में चला जाता है तो वह लोगों के छोटे मोटे कामों को कैसे निपटा पाएगा। इसलिए राजनीति की शुरुआत स्टैप बाई स्टैप करनी चाहिए।

## घर से लापता विकास का शव सलेमगढ़ राजवाहे से बरामद

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** 15 दिन पहले घर से लापता हुए 30 वर्षीय युवक विकास का शव बीती रात सलेमगढ़ राजवाहे से बरामद हुआ। विकास हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की एक कॉलोनी में अपने माता-पिता के साथ रहता था और अविवाहित था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल में भेज दिया है। विकास के घर से लापता होने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। विकास के पिता हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नौकरी करते हैं।






# सम्पादकीय..........

## चुनावी बॉन्ड मामले में गंभीरता से काम करे एसबीआई...

*चुनावी बॉन्ड से जुड़े फैसले पर अमल के मामले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के ढीले-ढाले रवैये पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती ने बेहद कड़ा, मगर जरूरी संदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने चुनावी बॉन्ड से जुड़े डीटेल्स जारी करने पर लंबा वक्त देने की एसबीआई की गुजारिश न केवल खारिज कर दी, बल्कि उसके रुख पर सवाल करते हुए उसे आगाह भी किया। यह पूरा मसला चुनावी बॉन्ड स्कीम से जुड़ा है, जिससे संबंधित प्रावधानों को सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को दिए अपने फैसले में असंवैधानिक करार दिया था। उसी फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को निर्देश दिया था कि 12 अप्रैल 2019 के बाद से हुई चुनावी बॉन्ड की खरीद से जुड़े डीटेल्स 6 मार्च 2024 तक इलेक्शन कमिशन को सौंप दे। ऐसे में लगभग इस पूरी अवधि के निकल जाने के बाद स्एसबीआई सुप्रीम कोर्ट के पास 30 जून तक का वक्त देने का अनुरोध लेकर आया। आज की तारीख में जब टेक्नॉलजी इतनी आगे बढ़ी हुई है, तब देश के सबसे बड़े बैंक को एक खास स्कीम के तहत हुए लेन-देन के डीटेल्स निकालने में इतना वक्त लग जाएगा, इस पर सवाल उठ रहे हैं। एसबीआई ने दलील दी कि बॉन्ड खरीदने और उसे छुड़ाने से जुड़ी सारी सूचनाएं तो उपलब्ध हैं, बस कन्फ्यूजन यह था कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक क्या बॉन्ड को ग्रहणकर्ता के नाम के साथ मिलाकर देखना भी जरूरी है या नहीं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट का फैसला इस मामले में बिल्कुल स्पष्ट था। उसमें सूचनाएं चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश था, उन्हें मिलाकर देखने को कहा नहीं गया था। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट ने बैंक की इस दलील को नहीं माना। शीर्ष अदालत ने अगले दिन यानी 12 मार्च को कामकाज समाप्त होने से पहले तक सारे डीटेल्स चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश देते हुए यह भी कहा कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो बैंक अधिकारियों के खिलाफ जानबूझकर अदालत की अवमानना करने का मामला चलाया जा सकता है। देश के सबसे बड़े बैंक को सुप्रीम कोर्ट की इस तरह की फटकार सुनने को मिले, यह कोई छोटी बात नहीं है। दरअसल, चुनावी बॉन्ड से जुड़ा यह मामला देश की चुनाव प्रक्रिया की शुचिता से संबंधित है, जो किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे में सभी संबंधित पक्षों से यह अपेक्षा थी कि फैसले के शब्दों और उसकी भावनाओं को समझते हुए इस पर पूरी गंभीरता से अमल सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे। अफसोस की बात है कि एसबीआई इस मामले में उम्मीद पर खरा नहीं उतरा, लेकिन राहत की बात है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस गड़बड़ी को दुरुस्त करने में देर नहीं लगाई।*

# विचारों की स्वच्छंद उड़ान मन को नई ताकत प्रदान करती है

**अध्यात्म**

व्यक्ति खुद को अपनी सोच के कटघरे में बंद रखता है। यही कारण है कि वह अपने विचारों को सही मानता है, साथ ही औरों को भी उन्हीं खांचों में फिट करना चाहता है और खुद भी उन्हीं में फंसा रहता है। जब खुद को या दूसरे को भी उस रूप में नहीं पाता तब असंतुष्ट हो जाता है। असंतोष और तनाव से नाखुशी आती है। जो अपनी पसंद-नापसंद को सर्वोपरि मानता है, वह अपने सारे गुणों व उपलब्धियों के बावजूद हर समय अशांत रहता है। इस सबके पीछे वह चंचल मन होता है, जो हर किसी को अपने अनुसार हांकता है। शरीर के अवयव भी उसी के अधीन होते हैं। बुजुर्ग कहते आए हैं, 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।' यही नहीं, मन इंसान की भूख-प्यास, भावनाओं आदि सभी पर काबू रखता है। किसी को एक वक्त खाना न मिले तो उसका मन दुखी हो जाता है, जबकि दूसरा व्यक्ति पूरे दिन भूखा रह कर संतोष महसूस करता है क्योंकि उसका मन उपवास का व्रत पूरा होने की उपलब्धि से खिला होता है। यह भी कहा जाता रहा है कि दिमाग पर मनुष्य का वश नहीं चलता। उसकी बनावट और क्रियाकलाप वंशक्रम और बचपन के अनुभवों आदि से जुड़े होते हैं। परंतु आज के मनोवैज्ञानिकों और न्यूरो वैज्ञानिकों के अनुसंधानों का दावा है कि इस मान्यता में बदलाव आ रहा है। न्यूरो वैज्ञानिकों का मानना है कि दिमाग की नसों में लचीलापन होता है। यह वंशक्रम और अनुभवों से प्रभावित भले ही होता है, पर मन के अनुसार उसे बदला जा सकता है। यही कारण है कि दिमाग का कोई हिस्सा किसी कारणवश क्षतिग्रस्त भी हो जाए तो दूसरा हिस्सा काफी हद तक उसकी कमी को पूरा कर सकता है। परंतु इसके लिए जरूरी होता है कि मन की शक्ति को जागृत किया जाए। भारत में आध्यात्मिकता की चर्चा में चेतना पर बल दिया जाता है। परमहंस योगानंद का मानना है कि मन में व्यापक चेतना निहित है पर वह अज्ञान में फंसे होने के कारण अपनी ताकत को पहचानने में असमर्थ होता है। योग वशिष्ठ स्पष्ट करता है कि सृष्टि के विचार से असीम चेतना निकली जो मन के द्वारा व्यक्त हुई। उसने कई रूपों का निर्माण किया। इस प्रक्रिया से मन का विकास हुआ। हाल ही में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने खोजों पर आधारित यह निष्कर्ष दिया कि मानवीय दिमाग में आध्यात्मिक तत्व बड़ी मजबूती से पिरोया हुआ है, पर अधिकांश लोग उसे जागृत नहीं करते, इसलिए वह छिपा हुआ है। जो लोग आगे बढ़ना चाहते हैं, उन्हें अपने अंदर वह प्रतिभा जगानी पड़ेगी जिससे मन यह सीख सकेगा कि कैसे बिना प्रयत्न के मन को एक बिंदु पर केंद्रित किया जाए, तभी वह ऊंचाई तक पहुंच सकेगा। तब वही मन जो व्यक्ति को कटघरों में फंसाता है, उसे आजाद होने की ताकत देगा।

# सुण मौल्लड़ की



चुनावी अभियान में सभी दल रात दिन जुट गए हैं।

हरियाणा म्ह कांग्रेस नै फूट के बावजूद बी पूरा चैलेंज दे राख्या सै।

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** जल्दबाजी करने से बचें। मन में उत्साह बना रहेगा। उलझने दूर होगी।

**वृषभ :** विरोधी उलझाने का प्रयास करेंगे। विवादास्पद मामले परेशानी का कारण बन सकते हैं। दौड़-धूप के चलते स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। भगवान कृष्ण जी की पूजा करें।

**मिथुन :** बड़े भाई-बहनों का सहयोग प्राप्त होगा। कार्यों में चल रही अड़चने समाप्त होगी। आय के नए साधन बनेंगे।

**कर्क :** राजकीय मामले सुलझेंगे। मनचाही सफलता की राह आसान होगी। रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

**सिंह :** युवाओं को मनचाहा काम मिलने से खुशी होगी। पूर्व में किए शुभ कर्मों का फल प्राप्त होगा। परिजनों के सहयोग से उलझने दूर होगी।

**कन्या :** किसी अंजान स्थान की यात्रा न करें। काम-काज में चली आ रही मुश्किलें परेशान कर सकती हैं। लोग जानबूझकर नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**तुला :** प्यार के मामले में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता रहेगी। यात्रा शुभ होगी।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव संभव है। शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। सावधानी बरतें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। लक्ष्मी माता की पूजा करें।

**धनु :** बौद्धिक कार्य से जुड़े लोग सम्मान प्राप्त करेंगे। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ होगा। मनचाही सफलता प्राप्त होगी।

**मकर :** हृदय रोगी सावधानी बरतें। आत्मविश्वास में कमी बनी रहेगी। नई योजनाओं की शुरूआत में मुश्किलें आ सकती हैं। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**कुंभ :** पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। कार्यक्षेत्र में वर्चस्व बढ़ेगा। अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन :** बातचीत में नरमी बरतें। अटका धन मिलने की संभावना। अचानक घर पर कोई मेहमान आ सकता है।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# श्याम मंडलों की बैठक में 4 से 6 अप्रैल तक अग्रसेन भवन में श्याम कथा करवाने का फैसला

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** नगर के सभी श्याम मंडलों एवं श्याम प्रेमियों की संयुक्त बैठक अग्रसेन भवन में ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारिया वाला की अध्यक्षता में हुई जिसमें श्याम कथा करवाने के बारे में विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 4 से 6 अप्रैल तक सायं 3:00 से 6:00 बजे अग्रसेन भवन में श्याम कथा करवाई जाएगी। कथा व्यास के रुप में साध्वी सुजाता कृष्ण देव को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में सभी श्याम मंडलों के प्रधानों व श्याम प्रेमियों ने अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारिया वाला को श्याम कथा करवाने में अपनी सहमति देते हुए पूर्ण सहयोग देने का विश्वास दिलाया। बैठक में ट्रस्ट के उपप्रधान प्यारेलाल लाहौरिया, कोषाध्यक्ष रामनिवास कोहलीवाला, के अलावा सर्व श्याम मंडल हिसार के प्रधान दीपक गर्ग, एन.के. गोयल, दुनीचंद गोयल, कमल पुरोहित, श्रीश्याम सेवा परिवार के प्रधान सुरेंद्र बागड़ी, श्रीश्याम संघ परिवार के प्रधान अनिल तनेजा, श्रीश्याम दर्शन परिवार के प्रधान दवेंद्र गर्ग, श्रीश्याम हनुमान दीवाने सेवा मंडल के प्रधान आशुतोष परुथी, श्रीश्याम कुटीर संघ के प्रधान अभिमन्यु बंसल, श्रीश्याम बालाजी सेवादार संघ के प्रधान सुरेंद्र बालान, जयश्री श्याम परिवार के प्रधान विनोद बंसल, श्रीश्याम जनता मंडल से संजय कक्कड़, प्रभु संकीर्तन मंडल के प्रधान प्रोफ़ेसर दीपक कुमार, श्रीश्याम आराधना परिवार से बजरंग भारद्वाज सहित अनेक श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।

# गीता भवन, रामपुरा मौहल्ला में ब्रह्म ज्ञान सत्संग 15 से

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा एवं समस्त हरि शरणम परिवार के तत्वाधान में 15 से 17 मार्च तक गीता भवन मंदिर, रामपुरा मौहल्ला में ब्रह्म ज्ञान सत्संग का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समस्त हरि शरणम परिवार के संयोजक सत्यनारायण शर्मा, एडवोकेट ने बताया कि 15 व 16 मार्च को सायं 4 से 6 बजे तथा 17 मार्च को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 तक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। समापन पर प्रसाद वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ब्रह्म ज्ञान सत्संग में कथा व्यास हिमालय तपस्वी परमहंस गंगेनंदन महाराज रोजाना प्रवचन देंगे।

# सोल 7 बैंड हिसार इंस्टीट्यूट ऑफ डिजिटल मार्केटिंग के 5 साल की सक्सेस पार्टी में करेगा लाइव प्रदर्शन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** हिसार इंस्टीट्यूट ऑफ डिजिटल मार्केटिंग अपनी स्थापना के 5 साल पूरे करने की खुशी में 17 मार्च 2024 को हिसार के मिताक्ष फूड कोर्ट में 5 साल की सफलता पार्टी का आयोजन कर रहा है। इसे एक यादगार और आशाजनक सफलता पार्टी बनाने के लिए, सोल 7 बैंड लाइव प्रदर्शन करेगा। अद्वितीय संगीत कौशल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए अंकुश और आनंद लाइव प्रदर्शन करेंगे। HiDM उसी दिन अपना 5वां वार्षिक समारोह भी आयोजित कर रहा है, जहां जिन विद्यार्थियों ने संस्थान से डिजिटल मार्केटिंग कोर्स पूरा किया है, उन्हें प्रमाण पत्र मिलेगा और डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षुओं को उनके प्रशिक्षण पत्र मिलेंगे। HiDM हरियाणा का एक प्रमुख डिजिटल मार्केटिंग संस्थान है जहाँ छात्रों को सिद्धांत और व्यावहारिक-आधारित डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षण मिलता है। HiDM पर उपलब्ध 4 महीने और 2 महीने का प्रशिक्षण हिसार में सबसे अच्छे डिजिटल मार्केटिंग पाठ्यक्रमों में से एक है। HiDM ने अपनी स्थापना के 5 वर्षों में 1200 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया है।

# द ई 5 महिला महाविद्यालय गढ़ी - हांसी में महिला सशक्तिकरण पर हुआ कार्यक्रम

## जो विशेष अधिकार महिलाओं को मिले हैं, उनका न हो दुरुपयोग : संजय भुटानी




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 14 मार्च :** महिलाएं आज सशक्त हो गई हैं, इसमें कोई दोराय नहीं। महिलाएं सशक्त हों, यह अच्छी बात है लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना है कि जो विशेष अधिकार महिलाओं को मिले हैं, उनका दुरुपयोग न हो। यह बात श्रीमती सत्या-श्री चरणजीत भुटानी स्मृति संघ के संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार संजय भुटानी ने आज द ई 5 महिला महाविद्यालय गढ़ी-हांसी में महिला सशक्तिकरण पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही।

इस मौके पर संजय भुटानी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी युवा ऊर्जा के साथ अभिभावकों के अनुभव का इस्तेमाल करें तो जीवन में हर क्षेत्र में सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए ही काम करते हैं और बच्चों को भी चाहिए कि वे अपने जीवन के हर निर्णय में अपने अभिभावकों को अवश्य शामिल करें। भुटानी ने कहा कि हम सभी एक ही परमपिता की संतान हैं और लड़का व लड़की में बगैर भेदभाव किए जीवन पथ पर आगे बढ़ें।

उन्होंने छात्राओं को कहा कि ऐसा नहीं कहा जा सकता कि लड़के ही गलत होते हैं। इस तरह की धारणाएं कभी भी अपने मन में न पालें, इससे समाज में असमानता व असंतुलन पैदा होता है। उन्होंने यह भी कहा कि आज हमने अपने जीवन में ढेर सारी औपचारिकताएं पाल ली हैं,जिससे हम जीवन में असहज होते जा रहे हैं और इसी के चलते विभिन्न तरह की समस्याएं हमारे आगे आ रही हैं। भुटानी ने कहा कि हम अपने जीवन में हर वक्त सहज भाव से रहें तो ढेर सारी समस्याएं अपने आप ही खत्म हो जाएंगी।

इस मौके पर वॉग अकादमी की संचालिका सिमरन ऐलावादी ने छात्राओं को मेकअप का लाइव डेमोंसट्रेशन दिया और उन्होंने मेकअप के विभिन्न आसान तरीकों को बताया। उन्होंने बताया कि मेकअप के लिए हर वक्त ब्यूटीशियन के पास भी जाने की जरूरत नहीं है, कई ऐसे आसान तरीके हैं जिससे हम घर बैठे ही सुंदर बन सकते हैं।

इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम प्रताप ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट करते हुए छात्राओं से कहा कि बताई गई बातों पर अमल करें ताकि आपका जीवन उज्जवल हो। इस अवसर पर मिस मोनिका ने मंच संचालन किया व महाविद्यालय की सभी प्राध्यापिकाएं मौजूद थीं।

# श्री श्याम भगत मेले में श्रीराम कथा जारी, भगवान की महिमा सुनकर अभिभूत हुए श्रद्धालु



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** श्री श्याम मंदिर में पूरे विधि-विधान व पूजा-पाठ के साथ श्रीराम कथा की शुरुआत की गई। वृंदावन से पधारे कथा प्रवक्ता महाराज शैलेंद्र पराशर ने भगवान शंकर व सती की कथा से विस्तार से रूबरू करवाया। इसके साथ ही देवताओं व असुरों के जन्म के कारणों पर भी उन्होंने प्रकाश डाला। सती महिमा, देव महिमा व भगवान की महिमा सुनकर सभी श्रद्धालु अभिभूत हो गए। मंदिर के महंत गोकुलदास व संयोजक जगदीश तायल ने बताया कि श्रीराम कथा में कैलाश बंसल व गजेंद्र चौधरी मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने पूजा में हिस्सा लेकर प्रसाद का वितरण किया। गोकुलदास व जगदीश तायल ने बताया कि भक्तों की श्री श्याम बाबा और प्रभु श्रीराम के प्रति अगाध आस्था है। इसी आस्था के चलते श्री श्याम मंदिर में 11 दिवसीय श्री श्याम भगत मेला आयोजित किया गया है। 15 मार्च को श्रीरामलला के जन्म के प्रसंग के दौरान मंदिर परिसर में झांकी भी निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि किसान कॉलोनी में स्थापित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम भगत मेला 21 मार्च तक चलेगा। हर रोज दोपहर 3.15 बजे से सायं 6 बजे तक कथा प्रवक्ता महाराज शैलेंद्र पराशर श्री रामकथा करेंगे। 21 मार्च को प्रातः 11.15 बजे से अटूट भंडारा शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री श्याम भगत मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। भक्तगण श्रीराम कथा को श्रवण के लिए दूर-दूर के क्षेत्रों से श्री श्याम मंदिर में पहुंच रहे हैं। श्री श्याम भगत मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर में स्थापित देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के दर्शन का अवसर भी मिल रहा है।

# कर्म का मर्म

## लक्ष्य और लगन

एक लड़के को सदैव कुछ जानने, नया करने की उत्सुकता घेरे रहती थी। वह अमेरिका के शहर नैशविले में एक फोटोग्राफर के यहां काम करता था। फोटोग्राफर की दुकान पर एक दिन एक ग्राहक आया और वह ज्योतिष विद्या से संबंधित अपनी एक पुस्तक वहीं भूल गया। उस व्यक्ति ने दुकान के मालिक से पूछा कि क्या मैं यह पुस्तक पढ़ सकता हूं/ मालिक से आज्ञा मिलते ही उसने पुस्तक पढ़नी शुरू कर दी। उसे पुस्तक इतनी रोचक लगी कि उसे वह सारी रात पढ़ता रहा। बाद में उसने निश्चय किया कि वह तारामंडल और आकाश के संबंध में ज्यादा से ज्यादा ज्ञान प्राप्त करेगा। मालिक को उस लड़के में काफी संभावना दिखती थी। लड़के ने जब उसे मन की बात बताई तो उसने उसे प्रोत्साहित करते हुए कहा, 'मुझसे जो भी मदद की जरूरत हो बेझिझक कहना, मैं तुम्हारे लक्ष्य में तुम्हारे साथ हूं।' दूसरे दिन ही उसने एक छोटी-सी दूरबीन खरीदी और उसकी मदद से रात को घंटों छत पर बैठकर आकाश का सौंदर्य देखने लगा। ऐसा करना उसे बहुत आनंद देता था। ऐसा करके उसने लगातार अपना ज्ञान बढ़ाना शुरू किया। फोटोग्राफर की दुकान पर काम करने से जो आय होती थी, उसी में से पैसे बचाकर उसने एक बड़ी दूरबीन खरीदी। उसे शक्तिशाली बनाने के लिहाज से उसमें भारी लेंस लगवाने के लिए उसे फिलाडेलफिया भेजी। बड़ा लेंस लग जाने पर आकाशमंडल के संबंध में उसने जो नई खोज की वह कुछ ही दिनों में बड़े-बड़े खगोल शास्त्रियों में चर्चा का विषय बन गई। फोटोग्राफर की दुकान पर कार्य करने वाला बेहद उत्सुक स्वभाव वाला वह लड़का एक दिन अमेरिका के प्रसिद्ध वैज्ञानिकों में शामिल हुआ। यह लड़का कोई और नहीं बल्कि प्रफेसर बर्नर थे जो एक प्रमुख खगोलशास्त्री के रूप में आज भी याद किए जाते हैं।



# 16 मार्च को बांडाहेडी व 17 मार्च को मंगाली आकलान में लगेगा फ्री मेडिकल कैंप व रक्तदान शिविर

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र और लाला देवीचंद ग्रोवर कृत्रिम अंग निर्माणशाला के तत्वावधान में गांव बांडाहेड़ी व मंगाली आकलान में निशुल्क चिकित्सा शिविर व रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। विवेकानंद शाखा के अध्यक्ष ऋषिराज बुड़ाकिया और दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि 16 मार्च को गांव बांडाहेड़ी में भगत शिरोमणि श्री महावीर जी समाधि स्थल पर प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान निशुल्क नेत्र व दंत जांच की जाएगी और दिव्यांगजनों की निशुल्क जांच करके कृत्रिम अंग माप के लिए चयन किया जाएगा। इस दौरान विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। इसी भांति 17 मार्च को गांव मंगाली आकलान के दादी गोरी मंदिर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आंखों व दांतों की निशुल्क जांच एवं दिव्यांग बंधुओं की जांच करके निशुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाने के लिए माप लिया जाएगा। यहां भी विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। दिव्यांग केंद्र ने समस्त ग्रामीणों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इन शिविरों का लाभ उठाएं।



# प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम-सूरज) पोर्टल का शुभारंभ

## जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त ने सफाई मित्रों को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और सुरक्षा किट की वितरित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम-सूरज) राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ किया। वंचित वर्गों के लिए आयोजित आउटरीच कार्यक्रम में उन्होंने देश के वंचित वर्गों के एक लाख उद्यमियों के लिए सहायता ऋण को भी स्वीकृत किया।


इस अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे वंचित वर्ग के पात्र लाभार्थियों तक विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान मशीनी स्वच्छता व्यवस्था के लिए राष्ट्रीय कार्यवाई (नमस्ते) योजना के अंतर्गत सफाई मित्रों (सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों) को 6 आयुष्मान कार्ड, सुरक्षा किट वितरित किए तथा 20 नागरिकों के सहायता ऋण स्वीकृत किए। उन्होंने अन्य लाभार्थियों के भी जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में विभागों के अधिकारियों की ओर से अवगत करवाया गया कि हरियाणा पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम का उद्देश्य राज्य के पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय एवं दिव्यांग व्यक्तियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए न्यूनतम वार्षिक ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध करवाना है, ताकि वे स्वयं का रोजगार स्थापित कर अपने साथ-साथ परिवार का आर्थिक उत्थान कर सके। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान निगम द्वारा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के सहयोग से चलाई जा रही सावधि ऋण योजना, नई स्वर्णिमा योजना, शैक्षणिक ऋण योजना, माइक्रो फाइनेंस ऋण योजना (सूक्ष्म ऋण योजना) तथा महिला समृद्धि ऋण योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर जन स्वास्थ्य विभाग के एसई शिवराज सिंह, जिला कल्याण अधिकारी दीपिका सारसर, पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम के जिला प्रबंधक मनोज कुमार, पब्लिक हेल्थ एक्सईएन बलविंद्र नैन, बलकार रेड्डू, रणबीर मलिक, बलवान कटारिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हरियाणा सरकार के सहयोग से अग्रोहा मेडिकल कर रहा दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की

## अग्रोहा मेडिकल कैथ लैब मरीजों के लिए वरदान : डॉ. अलका



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी और हरियाणा सरकार के सहयोग व मार्गदर्शन में अपनी स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करते हुए अभय ओसवाल हार्ट सेंटर का सुचारू संचालन शुरू कर दिया है। पिछले माह शुरू हुई कैथ लैब में मरीजों का इलाज शुरू हो चुका है और एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, टीपीआई जैसी आधुनिक तकनीकों का प्रयोग आधुनिक मशीनों द्वारा किया जा रहा है।

**न्यूनतम दर पर दिल के मरीजों का आधुनिक इलाज**

महाविद्यालय निदेशक डॉ अलका छाबड़ा ने बताया कि हरियाणा सरकार के सहयोग और मार्गदर्शन में 15 बेड के आईसीयू और वेंटीलेटर युक्त आधुनिक मशीनों की यह कैथलैब दिल के मरीजों के लिए वरदान है और हिसार और उसके 200 किलोमीटर तक के लोगों को सस्ते दाम पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक यहां 6 मरीजों को स्टंट डालने सहित 11 मरीजों की सर्जरी की जा चुकी है और प्रतिदिन 50 के लगभग मरीज अपने चेकअप और परामर्श के लिए आ रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त करते हुए डॉ अलका ने कहा कि आने वाले समय में मरीजों के लिए अन्य सुविधा विस्तार भी हरियाणा सरकार के निर्देशन में किए जाएंगे।

आरकेएम कार्डियक सेंटर के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ राघव शर्मा ने बताया कि कैथलैब में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेरीफेरल एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी, अस्थाई और स्थाई पेसमेकर, ईसीजी जैसी स्वास्थ्य सुविधाओं को पिछले महीने ही अनुभवी हृदय रोग विशेषज्ञों की देखरेख में मरीजों के लिए शुरू कर दिया गया था। वर्तमान में काफी मरीज हर दिन इलाज के लिए यहां आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज की कैथ लैब में बीपीएल और आयुष्मान कार्ड धारक भी स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

# युवा पश्चिमी सभ्यता के पीछे भागने की बजाय देश-प्रदेश की संस्कृति को बढ़ावा दें : प्रतीक गहलोत

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने हरियाणवी संस्कृति से रूबरू करवा कर सबका मन मोहा







**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** आदमपुर राजकीय बहुतकनीकी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एनएसएस ऑफिसर राकेश शर्मा के निर्देशन में गांव बगला में लगाए गए सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह संस्थान में आयोजित किया गया। समारोह में आदमपुर पुलिस स्टेशन में नियुक्त आईपीएस अधिकारी प्रतीक गहलोत ने मुख्य अतिथि के तौर पर वहीं राजकीय महाविद्यालय आदमपुर में हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष पूजा आहलन ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को पश्चिमी सभ्यता संस्कृति अपनाने की बजाय अपने देश प्रदेश की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि इस संस्थान के एनएसएस स्वयंसेवक प्रदेश की संस्कृति के साथ-साथ राष्ट्र सेवा एवं समाज सेवा के कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने हरियाणवी नृत्य, रागिनी आदि के माध्यम से देश प्रदेश की संस्कृति एवं देशभक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम पेश किया जिसने सभी को झूमने पर मजबूर किया। निशा ने अपने योग के प्रदर्शन से वाह वाही बटोरी। विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित पूजा आहलन ने भी प्रदेश की संस्कृति से स्वयंसेवकों को रूबरू होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित अतिथि मदर्स प्राइड स्कूल के निदेशक धर्मवीर जांगड़ा व शिक्षाविद राजीव शर्मा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुरुआत में एनएसएस ऑफिसर राकेश शर्मा ने शिविर के दौरान की गई गतिविधियों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. कुलबीर सिंह अहलावत ने एनएसएस टीम को शानदार गतिविधियों के लिए बधाई दी और उन्हें समाज सेवा के साथ साथ रचनात्मक कार्यों को करने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेविका निशा ने शानदार मंच संचालन किया। संस्थान की तरफ से प्राचार्य कुलवीर सिंह अहलावत, टीपीओ नरेश घनघस, एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा, विभागाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने आए हुए अतिथियों का समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एनएसएस सह संयोजक दिनेश यादव, रमेश कुमार, मनोज गोस्वामी, पारुल शर्मा, साहिल वर्मा, एनएसएस लिपिक जयदीप, ग्रुप लीडर निशांत सहित सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# युवा धूम्रपान से दूर रहकर करें रक्तदान ताकि बच से किसी की जिंदगी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत धूम्रपान निषेध दिवस पर नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर एवं जिला सुकून काउंसलर राहुल शर्मा ने युवाओं को नशा से दूर रहकर सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने धूम्रपान निषेध दिवस पर युवाओं को संदेश देते कहा की जीवन में धूम्रपान न करने का संदेश दिया। धूम्रपान के कारण लाखों लोग प्रतिवर्ष मौत के शिकार होते हैं। हुक्का या नशा हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा नहीं हो सकता। इससे हमें अपने आपको व आसपास के क्षेत्र के लोगों को बचाना होगा। हम सभी को मिलकर अपने देश और प्रदेश के विकास में अपना अहम योगदान देना चाहिए। जिला सुकून काउंसलर राहुल शर्मा ने बताया की बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू, हुक्का आदि पीने से हमें बहुत नुकसान होते हैं। वही तंबाकू में इतने जहरीले हानिकारक तत्व होते हैं, जिससे हमें अनेक बीमारियां हो जाती है। इन बीमारियों में कैंसर, मुँह व पेट में छाले, गुर्दे खराब होना, बालों का झड़ना, सफेद मोतिया होना, शुक्राणु की संख्या कम हो जाना, दिल के अनेक रोगों का होना, दांतों का खराब होना आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने अवैध तरीके से परोसे जाने वाले हुक्के व होटल, बार, हॉस्टल आदि पर सरकार ने प्रतिबंध लगाया हुआ है। यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार का कार्य करता है तो सजा व जुर्माना का भी प्रावधान है। इस अवसर पर उन्होंने 12वीं बार रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित भी किया। इस अवसर पर मनोज शर्मा, अरविंद आदि उपस्थित रहे।

# विकलांग अधिकार मंच 15 मार्च को कमल गुप्ता के आवास पर लगाएगा अनिश्चितकालीन धरना और करेगा हल्ला बोल प्रदर्शन

## विकलांगों को परेशान करना भाजपा सरकार का फैशन बन गया है, मंच लेगा बड़ा फैसला : ऋषिकेश राजली



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** विकलांग अधिकार मंच हरियाणा की हिसार शहर ब्लॉक कमेटी की बैठक सहदेव सिहाग की अध्यक्षता में विकलांग मंच कार्यालय, हिसार पर की गई और जिला स्तरीय बैठक ऑनलाइन मैडम पंकज शर्मा की अध्यक्षता में की गई जिसमें भाजपा सरकार की केंद्र व राज्य सरकार की कार्यशैली पर विचार विमर्श किया गया। विकलांगों के प्रति सरकार द्वारा किए वादों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। सितंबर 2023 से हिसार उपायुक्त कार्यालय पर विकलांगों का चल रहा है। अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के प्रति सरकार की अनदेखी पर भी तीखी नाराजगी प्रकट की गई और सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि 15 मार्च को विकलांग अधिकार मंच, हरियाणा कमल गुप्ता के आवास पर अनिश्चितकालीन धरना और हल्ला बोल प्रदर्शन करेगा । धरना प्रदर्शन के दौरान मंच बड़ा फैसला लेगा।

प्रैस को जारी एक बयान में राज्य महासचिव ऋषिकेश राजली ने कहा कि हरियाणा में विकलांगों की 15 लाख आबादी है और हिसार में 80 हजार, लेकिन प्रशासन व सरकार विकलांगों को देने की बजाय लगातार परेशान करती आ रही है, विकलांगों का सरकार के प्रति धैर्य अब कम होता जा रहा है । हरियाणा सरकार ने 1 साल लगातार सिविल हॉस्पिटल हिसार में धरने पर बैठाये रखा और अब 6 महीने से अधिक हो गए हैं हिसार उपायुक्त कार्यालय के आगे धरने पर बैठाया हुआ है। कोई समाधान सरकार नहीं कर रही है, सरकार के प्रति गुस्सा तेज होता जा रहा है, जो वादे किए थे, वह भी पूरे नहीं किए हैं।

मैडम पंकज शर्मा और सहदेव सिहाग ने संयुक्त ब्यान में कहा कि विकलांग अधिकार अधिनियम 2016 को जमीन स्तर पर लागू करने, विकलांगों के विभिन्न विभागों में खाली पड़े 15000 पदों को भरने, 40 प्रतिशत विकलांगता पर बस पास और पेंशन बढ़ोतरी आदि कई मांगे पड़ी है, जिस पर संज्ञान सरकार ने अभी तक नहीं लिया, 3000 में सरकार हमसे पूरा महीना निकलवाना चाहती है लेकिन यह एक दिन में पानी पी जाते हैं। बैठक में मैडम पंकज शर्मा, राजेश पनिहार, बलजीत उकलाना, नरेश भारतीय, सहदेव सिहाग, राजेश सलेमगढ़, लाल सिंह नारनौंद, महेंद्र नारनौंद, गजे सिंह, महावीर कुलेरी, श्रीराम फ्रांसी, नशीब राजली, सुशील मिल गेट, कृष्णा खटक, श्रीकांत, कपिल, नरेश, राजेंद्र, शमशेर, सुरेंद्र,ओमप्रकाश आदि रहे।

# गांव उमरा में कृषि ड्रोन एवं नवीनतम कृषि मशीनरी का मेला एवं प्रदर्शन






**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (टीटीसी) ने स्वर्गीय श्री किताब सिंह मलिक की जयंती के अवसर पर उमरा गांव में एक दिवसीय कृषि मशीनरी मेले का आयोजन किया। मेला संयोजक प्रोफेसर मनदीप मलिक ने सभी गणमान्य व्यक्तियों और किसानों का स्वागत किया। श्री विकास गोदारा, अध्यक्ष, जंभ शक्ति ट्रस्ट ने स्वच्छता सुनिश्चित करने के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने के लिए बायोगैस संयंत्र स्थापित करने की महत्वता पर प्रकाश डाला। श्री गोपीराम सांगवान, सहायक कृषि अभियंता, हिसार ने दर्शकों को कृषि मशीनरी वितरण से संबंधित विभिन्न सब्सिडी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। डॉ. कर्मल सिंह मलिक, कपास वैज्ञानिक, सीसीएसएचएयू ने किसानों को कपास की खेती के लिए उपलब्ध नवीनतम तकनीकों के बारे में जागरूक किया। 'द कोर्टीनोवास केमिकल एंड फर्टिलाइजर्स' की ओर से विशेष रूप से उपस्थित डॉ. ओम प्रकाश मलिक और डॉ. अमित कुमार ने जैविक खेती के महत्व पर आधुनिक जानकारी प्रदान की। समारोह के मुख्य अतिथि, उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (टीटीसी) के निदेशक डॉ. मुकेश जैन ने संस्थान में जारी विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बेरोजगार युवाओं से अपनी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए टीटीसी में चल रही विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी देते हुए सभी किसानों से इन लाभकारी प्रशिक्षणों में भाग लेने की अपील की तथा भारत सरकार की योजनाओं से जुड़ी जानकारी जैसे कृषि मशीनीकरण पर उप-मिशन, फसल अवशेष प्रबंधन, नमो ड्रोन दीदी जैसी योजनाओं का प्रचार-प्रसार की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर, श्री. कुलदीप डेलू, जिला अध्यक्ष, किसान मोर्चा, डॉ. विनोद मलिक, सरपंच, उमरा, मास्टर बुपिंदर, सरपंच, देपल, डॉ. सुरेंद्र, सुल्तानपुर, श्री सूरजमल एवं श्री जसवन्त, पूर्व सरपंच, रामायण, श्री तेलु राम, रामायण, श्री जयवीर सहरावत, श्री कृष्ण दुहन, टीटीसी के विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी, आदि मौजूद रहे। इस मेले में, कृषि छिड़काव ड्रोन और अन्य कृषि मशीनरी का प्रदर्शन भी किया गया। 'द कोर्टीनोवास केमिकल एंड फर्टिलाइजर्स' ने किसानों को उनकी भागीदारी के लिए ड्रॉ के माध्यम से विभिन्न पुरस्कार वितरित किए।

# जनता सब कुछ समझ चुकी, अब नहीं आएगी जुमलेबाजों के झांसे में : कुमारी सैलजा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा नेतृत्व में प्रदेश में जो भी नौटंकी की है, वह मनोहर लाल के साढ़े नौ साल के कांडों पर पर्दा डालने के लिए की है। भाजपा-जजपा गठबंधन के साढ़े चार साल के दौरान हुए रिकॉर्डतोड़ भ्रष्टाचार, घोटालों, पेपर लीक आदि सैकड़ों कांडों को प्रदेश के लोग कभी नहीं भुलेंगे। हरियाणा की जागरूक जनता सब समझती है और अब इन जुमलेबाजों के झांसे में किसी हालत में नहीं आने वाली है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा का जोड़-तोड़ का ड्रामा जनता को एक बार फिर से बरगलाने का प्रयास है। साढ़े चार साल तक हरियाणा की जनता की आंखों में धूल झोंकने के बाद ये सोच रहे हैं कि हरियाणा के लोग सब कुछ भूल जाएंगे, तो यह इनका भ्रम है। पहले लोकसभा और फिर विधानसभा चुनाव में प्रदेश के मतदाता इनके इस भ्रम को चकनाचूर कर देंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस गरीब, पिछड़े, दलित, किसान, महिलाओं, बेरोजगारों, व्यापारियों के हक की लड़ाई लड़ रही है। इसलिए लोग चुनाव में भाजपा और जजपा को सबक सिखाते हुए कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को उनका हक और न्याय मिलने तक कांग्रेस



का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहले भी कभी जनता के हितों की आवाज को बुलंद करने में गुरेज नहीं किया। कुमारी सैलजा ने कहा कि मनोहर लाल और दुष्यंत का कुशासन हरियाणा के लोग सदैव याद रखेंगे। याद रखेंगे कि इस सरकार के दौरान कैसे चपरासी से लेकर एचसीएस और जज तक के पेपर लीक और बोलियां लग कर बिके। याद रखेंगे कि कैसे एचपीएससी के दफ्तरों में करोड़ों रुपये से भरे सूटकेस बरामद हुए। याद रखेंगे कि कैसे एचएसएससी के सदस्य ही विधायक के पुत्र को एसआई की नौकरी बेच रहे थे। याद रखेंगे कि इस सरकार में शामिल लोगों ने आपदा को अवसर बनाया। लॉकडाउन में भी शराब घोटाले को अंजाम दिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक भी महकमा ऐसा नहीं है, जिसमें घोटालों व भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड न बने हों। बेटी बचाओ के नारे की आड़ में स्कूल, कॉलेजों व मेडिकल कॉलेज में छात्राओं का शोषण करने का रिकॉर्ड भी इन्हीं की सरकार में बना। सरेआम गोलियां बरसा कर हत्याएं, करोड़ों-करोड़ों रुपये की फिरौती मांगने की घटनाएं जिस तरह से बढ़ी हैं, उससे प्रदेश का आम आदमी कांपने लगा है। हरियाणा में कानून व्यवस्था का पूरी तरह से जनाजा निकल चुका है। अब ये अपनी सरकार के चेहरों को कितना भी बदल लें, प्रदेश के लोग इनके झांसे में आने वाले नहीं हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के त्यागपत्र से रिक्त करनाल वि.स. सीट पर अल्प-अवधि के उपचुनाव के लिए चुनाव आयोग सक्षम

## कानूनन एक वर्ष से कम अवधि की रिक्त सीट पर नहीं होता उपचुनाव परन्तु गैर-विधायक मुख्यमंत्री के निर्वाचन के लिए उपचुनाव संभव : एडवोकेट हेमंत

### सामान्यत: सीट रिक्त होने के 6 महीने के भीतर होता है उपचुनाव हालांकि चुनाव आयोग अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव के साथ करा सकता है करनाल उपचुनाव

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 14 मार्च :** मंगलवार 13 मार्च को हरियाणा विधानसभा के एक दिन के विशेष सत्र में, जिसमें नव-नियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने ध्वनिमत से सदन में विश्वास मत हासिल किया, के पश्चात निवर्तमान मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने उनके धन्यवाद संबोधन दौरान करनाल सीट से विधायक के तौर पर त्यागपत्र देने की घोषणा की और कहा कि अब से प्रदेश के नए मुख्यमंत्री नायब सैनी करनाल विधानसभा सीट को संभालें। बहरहाल, मनोहर लाल को करनाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी घोषित कर दिया गया है।

बहरहाल, अब इस सबके बीच प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा चल उठी है कि क्या भारतीय निर्वाचन आयोग आगामी अप्रैल-मई 2024 में निर्धारित लोकसभा आम चुनाव के साथ करनाल वि.स. सीट पर उपचुनाव करा सकता है और ऐसा तब जबकि सात माह बाद अक्टूबर,2024 में प्रदेश के अगले विधानसभा आम चुनाव ही निर्धारित हैं।

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट और चुनावी कानूनों के जानकार हेमंत कुमार ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल सीट से विधायक मनोहर लाल द्वारा लिखित तौर पर उनका त्यागपत्र विधानसभा स्पीकर को देने के उपरान्त उसे स्वीकार किया जाएगा एवं विधानसभा सचिवालय द्वारा एक गजट नोटिफिकेशन जारी कर करनाल विधानसभा रिक्त को रिक्त घोषित किया जाएगा एवं भारतीय चुनाव आयोग को इस बारे में सूचना भेजी जायेगी।

उन्होंने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 150 के तहत राज्य विधानसभा में मौजूदा विधायक की मृत्यु, त्यागपत्र एवं उनका निर्वाचन रद्द होने अथवा उसके अयोग्य घोषित होने के कारण आदि कारणों से रिक्त हुई सीट पर भारतीय चुनाव आयोग द्वारा उपचुनाव करवाया जाता है। धारा 151 ए के अनुसार ऐसा उपचुनाव करवाने की समय सीमा रिक्त घोषित की गयी विधानसभा सीट के छः माह के भीतर होती है। हालांकि अगर रिक्त हुई विधानसभा सीट की शेष अवधि एक वर्ष से कम हो, तो उपचुनाव नहीं कराया जाता है।

हेमंत ने बताया कि चूँकि 4 नवंबर 2019 को प्रदेश की मौजूदा 14वीं विधानसभा का पहला अधिवेशन (सत्र) बुलाया गया था एवं भारत के संविधान के अनुच्छेद 172 अनुसार इसका कार्यकाल 3 नवंबर 2024 तक है, इसलिए आज की तारीख में वर्तमान हरियाणा विधानसभा में किसी भी रिक्त सीट की अवधि आठ माह से भी कम होगी एवं इस कारण लोक प्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 151(ए) के अंतर्गत किसी रिक्त सीट पर चुनाव आयोग द्वारा उपचुनाव नहीं कराया जा सकता है।

हालांकि हेमंत का कहना है कि चूँकि गत 12 मार्च को प्रदेश की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से सांसद नायब सिंह सैनी हरियाणा के मुख्यमंत्री बने हैं एवं वह प्रदेश विधानसभा के सदस्य अर्थात विधायक नहीं है, इसलिए वह बगैर विधायक बने अधिकतम 6 महीने तक अर्थात आगामी 11 सितम्बर 2024 तक ही मुख्यमंत्री के पद पर रह सकते हैं. भारत देश के संविधान के अनुच्छेद 164(4) का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि उसमें स्पष्ट उल्लेख है कि कोई मुख्यमंत्री जो निरंतर 6 माह की किसी अवधि तक राज्य के विधानमंडल का सदस्य नहीं है, उस अवधि की समाप्ति पर मुख्यमंत्री नहीं रहेगा।

इसी बीच उपरोक्त का एक तोड़ बताते हुए हेमंत ने बताया कि अगर विधानसभा के कार्यकाल के अंतिम वर्ष की अवधि दौरान किसी ऐसे गैर-विधायक व्यक्ति को प्रदेश का मुख्यमंत्री नियुक्त किया जाता है, जैसे नायब सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाया गया है, तो उस परिस्थिति में रिक्त हुई किसी विधानसभा सीट पर चुनाव आयोग द्वारा उपचुनाव कराया जा सकता है बेशक उस रिक्त सीट की अवधि एक वर्ष से कम हो। चूँकि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल वि.स. सीट से त्यागपत्र दे दिया है और अब वह करनाल से सांसद का चुनाव लड़ेंगे, इसलिए प्रदेश के गैर-विधायक मुख्यमंत्री नायब सैनी को हरियाणा विधानसभा का सदस्य बनने के लिए चुनाव आयोग एक मौका देकर करनाल वि.स. सीट पर उपचुनाव करा सकता है।

हेमंत ने भारतीय चुनाव आयोग के आधिकारिक रिकॉर्ड से जानकारी प्राप्त कर बताया कि हरियाणा में वर्ष 1986 में भी ऐसा हुआ था जब हरियाणा में तत्कालीन मुख्यमंत्री भजन लाल को बदल कर लोकसभा सांसद बंसी लाल को मुख्यमंत्री बनाया गया था एवं तत्कालीन हरियाणा विधानसभा की एक वर्ष से कम अवधि शेष होने बावजूद भिवानी जिले की तोशाम विधानसभा सीट पर उपचुनाव कराया गया था जिसमें बंसी लाल रिकॉर्ड मार्जिन से निर्वाचित होकर विधायक बने थे। उस अल्प-अवधि उपचुनाव को हालांकि दिल्ली हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी गयी परन्तु दोनों शीर्ष अदालतों ने उसमें हस्तक्षेप नहीं किया था। इसी प्रकार वर्ष 1999 में ओडिशा के तत्कालीन मुख्यमंत्री और लोकसभा सांसद गिरिधर गमांग के लिए भी अल्प-अवधि के लिए विधानसभा उपचुनाव कराया गया था जिसे जीतकर वह विधायक बने थे।

# अणुव्रत समिति द्वारा गवर्नमैंट सी. सै. स्कूल मॉडल टाउन में चुनाव शुद्धि अभियान कार्यक्रम का आयोजन

## योग्य व्यक्ति के हाथ में सत्ता आती है तो लोकतंत्र को बल मिलता है : मुनिश्री पृथ्वीराज




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** तपोमूर्ति मुनिश्री पृथ्वीराज जासोल के सानिध्य में आज मॉडल स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अणुव्रत समिति द्वारा 'चुनाव शुद्धि अभियान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने की। छात्रों को संबोधित करते हुए मुनिश्री पृथ्वी राज ने कहा कि मानवीय एकात के सजग प्रहरी आचार्य तुलसी ही थे। मानवीय एकता के बाधक तत्व हैं राष्ट्रवाद एवं साम्प्रदायिकता। अणुव्रत ने राष्ट्रीय कट्टरता, साम्प्रदायिक कट्टरता की सीमा को लांघकर मानवीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया है। अणुव्रत आंदोलन का लक्ष्य है नैतिकता की प्रतिष्ठा।

मुनिश्री ने कहा कि चरित्र निर्माण की प्रक्रिया नैतिकता को जन्म देती है। अणुव्रत का दृष्टिकोण मानवीय मूल्यों की स्थापना, मानसिक संतुलन, अणुव्रत उपेदश नहीं है बल्कि उपचार है। यह मनुष्य का रक्षक है और इससे नई चेतना जागृत होती है। मानव के चरित्र का कारखाना है। अणुव्रत के माध्यम से हमारा राष्ट्र व राजनीति उन्नत बन सकते हैं। उन्नत राष्ट्र का संकल्प करें। देश में नैतिक गरीबी न रहे। खाद्य पदार्थों में मिलावट न हो। मादक पदार्थ का सेवन न हो, कोई रिश्वत लेने वाला न हो, कोई शोषण करने वाला न हो, धार्मिक क्षेत्र में संघर्ष न हो, अस्पृश्य, जातिवाद, दहेज समाज से दूर होकर मानवीय एकता की प्रतिष्ठा हो। इस प्रकार संकल्प करें तो हमारा लोकतंत्र सुदृढ़ बन सकता है। दृष्टिकोण समयक होना चाहिए। राजनीति में धर्मिनीति आ सकती है।

मुनिश्री पृथ्वीराज ने कहा कि राजनीति की शुद्धता-अशुद्धता की जिम्मेवारी राजनेता की है, उतना ही जनता भी जिम्मेवार है। दोनों पक्ष में जागरुकता नहीं आएगी तब तक इस दिशा में सफलता नहीं मिल सकती है। आदर्श राजनेता वह होता है जिसकी जन-जन में सेवा की भावना होती है। राजनेता का लक्ष्य सत्ता सुख भोगना नहीं बल्कि जनसेवा का होना चाहिए। लोकतंत्र में जब तक लोक जागृत नहीं होता, जन जन में नैतिक चेतना की लहर पैदा नहीं होती, अनैतिकता के प्रति बगावत करने का साहस नहीं होता, तब तक तंत्र स्वस्थ नहीं बन सकता। अणुव्रत जन-जन की चेतना को जगाकर लोकतंत्र भी श्रेष्ठता को स्थापित करना चाहता है। लोकतंत्र को अपराधीकरण से बचाने का यही अमोघ उपक्रम है। चुनाव लोकतंत्र की रीढ़ है। रीढ़ ही बीमार हो जाए तो तंत्र स्वस्थ कैसे रह सकता है। चुनाव प्रक्रिया जितनी विशुद्ध होगी उतना ही लोकतंत्र भी स्वस्थ होगा। आज राजनीतिक दलों की टिकट पाने की जितनी उत्सुकता है, उतनी उत्सुकता यदि अर्हता पाने की हो जाए तो लोकतंत्र का रूप ही निखर जाए।

उन्होंने कहा कि समुद्र कब याचना करता है कि नदियां उसमें आकर मिले। वो स्वयं चलकर आती हैं। वैसे ही योग्य व्यक्ति के हाथों में सत्ता आती है तो लोकतंत्र को बल मिलता है। अणुव्रत ने चुनाव के संबंध में एक नैतिक आचार संहिता प्रस्तुत करते हुए मतदाताओं और प्रत्याशियों को संबोधित किया है।

कार्यक्रम में स्कूल की ओर से प्रिंसिपल प्रताप सिंह, प्रवीण कुमार, रचना, सुनीता कुमारी, कमलदीप, सरोज, रजनी, बबीता, दीपाल, मनोज, गीता, वीना सहित लगभग1500 छात्र मौजूद रहे। इसके अलावा समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, दर्शन लाल शर्मा, सतपाल शर्मा, इन्द्रेश पांडे, अनिल जैन, राजकुमार सोनी आदि उपस्थित रहे। समिति की ओर से स्कूल प्राचार्य को अणुव्रत पटका व साहित्य भेंट कर सम्मानित किया गया।

# हकृवि की 2 छात्राओं का रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन (डीआरडीओ) में हुआ चयन

## विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने चयनित छात्राओं को दी बधाई



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की दो छात्राएं सोनम सिहाग और निधि शर्मा का रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक पद पर चयन हुआ है। छात्रा सोनम सिहाग बायोकेमिस्ट्री विषय तथा छात्रा निधि शर्मा माइक्रोबायोलॉजी विषय में पीएचडी की पढ़ाई कर रही हैं तथा जल्दी ही ये दोनों छात्राएं अपनी पीएचडी की डिग्री पूरी कर लेंगी। विश्वविद्यालय की इन छात्राओं का चयन व्यक्तिगत इंटरव्यू के आधार पर हुआ है। चयनित छात्राओं की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है क्योंकि न केवल यहां के विद्यार्थी विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशी छात्र भी पढ़ाई के लिए यहां आते हैं। उन्होंने कहा शिक्षकों द्वारा दिया गया मार्गदर्शन व विद्यार्थियों का प्रयास निरंतर विश्वविद्यालय को नित्त नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी न केवल देश बल्कि विदेशों में भी अपने ज्ञान व मेहनत से अलग पहचान बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा निरंतर होने वाले सेमिनार, वर्कशॉप, काउंसिलिंग, मोटिवेशनल सेशन, आदान-प्रदान प्रशिक्षण, प्री-प्लेसमेंट टास्क व पूर्व प्रतिभाशाली छात्रों के साथ विचार-विमर्श के माध्यम से उनका मार्गदर्शन किया जाता है।

**शिक्षकों के मार्गदर्शन का रहा विशेष योगदान**

चयनित होने वाले विद्यार्थियों में सोनम सिहाग सिरसा की रहने वाली है। उनके पिता डॉ. राम प्रताप सिहाग कृषि विभाग में संयुक्त निदेशक है जबकि माता श्रीमती सावित्री सिहाग गृहणी है, जबकि निधि शर्मा गन्नौर (सोनीपत) से संबंध रखती है। इनके पिता श्री देवानंद शर्मा किसान है। माता श्रीमती निर्मला शर्मा गृहणी है। इन दोनो विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व शिक्षकों को दिया। गौरतलब है कि छात्रा सोनम सिहाग बायोकेमिस्ट्री में डेवलेप्लमेंट एंड इवेलेशन ऑफ इन बॉयनोकराईस्ट्रल फॉर विट एंड पिर्लर मिलेट् ग्राउन अंडर इन डिविसियंट एंड इन सियुफिशियंट कंडिशन विषय पर डॉ. अजय पाल के मार्गदर्शन में पीएचडी में शोध कर रही है, जबकि छात्रा निधि शर्मा माइक्रोबायोलॉजी में बाओडीग्रेडेबल प्लास्टिक प्रोडेक्शन बाई बेक्टीरिया यूजिंग लो कॉस्ट सबस्ट्रेक विषय पर डॉ. बलजीत सिंह सहारण के सानिध्य में पीएचडी में शोध कर रही हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. बलजीत सिंह सहारण व डॉ. अजय पाल भी मौजूद रहे।

# आधा महीना बीत जाने के बाद भी नहीं मिला है अनेक अध्यापकों को वेतन : अध्यापक संघ

## अध्यापकों के लंबित मामलों को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मिला अध्यापक संघ प्रतिनिधिमंडल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा के नेतृत्व में अध्यापकों के लंबित कार्यों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की। यह जानकारी देते हुए अध्यापक संघ के जिला सचिव पवन कुमार ने बताय कि अध्यापकों को एसीपी, एलटीसी व वेतन सहित अनेक मुद्दों को लेकर काफी परेशानी का सामना करना करना पड़ रहा है। अध्यापक संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि अध्यापकों के एलटीसी के मामले जिला स्तर पर लंबित है। उन्होंने बताया कि लगभग आधा महीना बीत जाने के बाद भी बहुत से अध्यापकों को फरवरी माह का वेतन नहीं दिया गया है। वेतन नहीं मिलने के कारण अध्यापकों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एसीपी के मामले काफी समय से लंबित हैं। जिला सचिव पवन कुमार ने बताया कि यदि अध्यापकों की समस्याओं का समाधान समय पर नहीं किया जाता है तो अध्यापक संघ इसको लेकर कड़ा कदम उठाने को मजबूर होगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शिक्षा विभाग अधिकारियों की होगी। प्रतिनिधि मंडल में अध्यापक संघ के राज्य महासचिव प्रभु सिंह, जिला सचिव पवन कुमार, कृष्ण कुमार, राजेंद्र कुमार व विनोद प्रभाकर शामिल रहे।

# फ्री आधार कार्ड अपडेशन की अवधि को 14 जून तक बढ़ाया : उपायुक्त

## नागरिकों को आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड अपडेट कराना अनिवार्य

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने जनहित में निःशुल्क आधार कार्ड अपडेशन करने की तिथि 14 मार्च निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 14 जून 2024 तक कर दिया गया है। उपायुक्त ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले आठ या दस सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र और स्वयं का पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। आधार कार्ड धारक द्वारा ऑनलाइन अपडेट करने पर किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी। उपायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि आधार कार्ड धारक माईआधारपोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, वहीं माईआधारएप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है और पते का प्रमाण भी उपलब्ध है। उन्होंने जिलावासियों से इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाते हुए आधार कार्ड अपडेट कराने का आह्वान किया है, साथ ही ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को आधार में अपडेट रखने की सलाह दी है।

# अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना के लिए 15 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** डॉ भीमराव अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना का लाभ उठाने के लिए विशेष छूट प्रदान की गई है। विद्यार्थी इस योजना का लाभ उठाने के लिए 15 मार्च 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर मेधावी संशोधित छात्रवृत्ति योजना 2023-24 के अंतर्गत इस वर्ष उत्तीर्ण हुए दसवीं कक्षा के सभी वर्गों जैसे-अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग (ब्लॉक ए व बी) एवं अन्य सभी समुदाय के विद्यार्थी व बारहवीं तथा स्नातक के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किए गए हैं, जिनमें से बहुत से ऐसे आवेदन भरे गए हैं, जिनके दस्तावेज योजना की हिदायत अनुसार पूर्ण नहीं हैं। ऐसे विद्यार्थी जिनके आवेदन पत्र अपूर्ण हैं व जिला कल्याण कार्यालय द्वारा जिन आवेदनों पर आपत्ति लगाई गई है, वे छात्र अपने आवेदन पर लगी त्रुटि को जल्द से जल्द दूर करवाएं, ताकि योजना का लाभ उठाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए लघु सचिवालय स्थित जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय में संपर्क स्थापित किया जा सकता है। इसके अलावा जिन छात्रों ने अभी तक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन नहीं किया है, वे 15 मार्च 2024 तक अपना आवेदन करके योजना का लाभ उठाएं।

# लुवास में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय हिसार में विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कुलपति लुवास प्रो.(डॉ.) विनोद कुमार वर्मा के आदेशानुसार मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशालय के निदेशक डॉ. राजेश खुराना के द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में लेखानियंत्रक श्री सुरेन्द्र कुमार बतौर मुख्य अतिथि व उनके साथ, सी.आर. लॉ कॉलेज हिसार के सहायक प्रोफ़ेसर श्री सुक्रम पाल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सुरेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि केन्द्र सरकार ने 28.12.2016 को दिव्यांग व्यक्ति अधिनियम, 2016 को अधिसूचित किया जिसमें 21 प्रकार की अशक्तताओं को मान्यता दी गई है। विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 एक व्यापक कानून है। इसका उद्देश्य भारत में विकलांग लोगों के अधिकारों को बढ़ावा देना और उनकी रक्षा करना है। यह विकलांगताओं की एक विस्तृत श्रृंखला को पहचानता है। यह जीवन के विभिन्न पहलुओं में उनके समावेश और गैर-भेदभाव को सुनिश्चित करने के उपाय प्रदान करता है। इसमें शिक्षा, रोजगार और पहुंच शामिल है। इस अवसर पर बोलते हुए श्री सुक्रम पाल ने इस अधिकार अधिनियम, 2016 के अन्य सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की व बताया कि इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन नियमित तौर पर करवाते रहना चाहिए।

# तीसरी बार मोदी सरकार के लिए सुनील जागलान ने शुरू किया राष्ट्रव्यापी अभियान

## हिसार से शुरू किया 'महिला हितैषी मोदी' अभियान, देशभर में हजारों पत्रों से मोदी सरकार के महिला हितैषी फैसलों की देंगे जानकारी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने दस साल के कार्यकाल के दौरान देश में महिलाओं के हित में लिए गए अभूतपूर्व फैसलों से प्रभावित होकर महिला एवं बालिका अधिकार सामाजिक कार्यकर्ता सुनील जागलान ने हिसार से 'महिला हितैषी मोदी' राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। अब तक महिलाओं के हित में 75 अभियान चला चुके सुनील जागलान ने अपना 76वां अभियान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्पित किया है।

वर्ष 2015 में जींद जिले के गांव बीबीपुर से बेटियों को समाज में नई पहचान दिलाने के लिए सेल्फी विद डॉटर अभियान शुरू करने वाले सुनील जागलान अब तक महिलाओं के हित में बेटियों के नाम नेम प्लेट, गाली बंद घर, पीरियड चार्ट जैसे 75 राष्ट्रव्यापी अभियान चला चुके हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुनील जागलान द्वारा चलाए गए अभियानों का 'मन की बात' कार्यक्रम में सात बार जिक्र कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के सौवें एपिसोड में सुनील जागलान के साथ बात भी की थी।





आज यहां पत्रकारों से बातचीत में सुनील जागलान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के दौरान महिलाओं व लड़कियों के चेहरे पर स्थाई मुस्कान लाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम, तीन तलाक अधिनियम, उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना, वन स्टॉप सेंटर (सखी) योजना, समेत सैकड़ों ऐसे फैसले लिए जिन्होंने भारतीय महिलाओं को न केवल देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी नई पहचान दिलाई है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय महिला अधिकार सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में पहचान बनाने वाले सुनील जागलान ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं के हित में लिए गए फैसलों से प्रभावित होकर ही उन्होंने महिला दिवस के अवसर पर 'महिला हितैषी मोदी' अभियान शुरू करने का फैसला लिया।

उन्होंने साथ में कहा कि इस अभियान से देश के सब नागरिक महिला संबंधी स्कीम, क़ानून के बारे में जागरूक हो सकेंगे तथा अंतिम महिला तक इन सब स्कीम को लागू होने में मदद मिलेगी।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उड़ीसा, तामिलनाडू, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, बिहार समेत देश के सभी राज्यों में वहां की स्थानीय भाषाओं में पत्र लिखकर मौजूदा व पूर्व सांसदों, विधायकों, पंचायत प्रतिनिधियों, निकाय प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, महिला संगठनों आदि को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान महिलाओं के हित में लिए गए फैसलों से अवगत करवाते हुए निकट भविष्य में होने जा रहे लोकसभा चुनाव के दौरान देश में फिर से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने में योगदान देने की अपील की है।

### सुनील जागलान ने क्यों शुरू किया महिला हितैषी मोदी

महिला हितैषी मोदी अभियान शुरू करने वाले सुनील जागलान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने मुझ दो बेटियों के पिता को व्यक्तिगत तौर पर उनके महिलाओं के चेहरे पर स्थाई मुस्कान लाने प्रयासों ने प्रभावित किया है। अभी भी देश में महिला सुरक्षा मिसिंग गर्ल देस के सबसे संवेदनशील विषय है जिस पर अभी बहुत काम करना बाक़ी है और मुझे सिर्फ़ नरेन्द्र मोदी जी से ही उम्मीद है कि वो इन महत्वपूर्ण विषय पर तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनकर और ज़्यादा मेहनत से काम करेंगे।

### आदिवासी भाषा संथाली में भी लिखवाया पत्र

सुनील जागलान ने बताया कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही सोच है कि एक आदिवासी महिला को देश के शीर्ष राष्ट्रपति पद के लिए चुना गया। इस अभियान के तहत जागलान ने प्रधानमंत्री के समर्थन में हिंदी, पंजाबी, अंग्रेजी, कन्नड़, मलयालम, उड़िया, मराठी व उर्दू में पत्र लिखवाए हैं वहीं मध्य प्रदेश, गुजरात, झाखंड, उड़ीसा के आदिवासी बाहुल क्षेत्रों के मद्देनजर आदिवासी भाषा संथाली में भी यह पत्र लिखा गया है।

# तलवंडी राणा रोड बचाओ संघर्ष समिति के धरने को हुए 401 दिन, ग्रामीणों की मांग 3 कि.मी. का रोड और देकर समस्या का स्थायी समाधान करे सरकार

## 13 महीने से गांव में बस व ऑटो का आवागमन बंद, ग्रामीणों को हो रही भारी परेशानी : ओ.पी. कोहली

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** तलवंडी राणा व आसपास के दर्जनों गांवों को चंडीगढ़ बाईपास पर धरने पर बैठे हुए 401 दिन हो गए हैं। तलवंडी राणा रोड बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ओ.पी. कोहली ने बताया कि सरकार केवल 2.2 कि.मी. को रोड बनाकर उसे पुराने रोड में मिलाकर ग्रामीणों को आधा-अधूरा रोड दे रही है और ग्रामीणों की समस्या को जस का तस रख रही है। यह रोड हवाई अड्डे की तीसरी पट्टी में आना प्रस्तावित है जिससे कुछ दिनों बाद ही ग्रामीणों के सामाने फिर से रोड की समस्या खड़ी हो जाएगी। सरकार एयरपोर्ट की बाहरी दीवार के साथ-साथ, राणा माइनर से धांसू रोड गैस प्लांट तक का तीन कि.मी. का रोड देकर ग्रामीणों की समस्या का समाधान करे ताकि फिर से ग्रामीणों को इस संबंध में कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि गांव तलवंडी में पिछले 13 महीने से बस व ऑटो का अवागामन बंद है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एडवोकेट ओ.पी. कोहली ने बताया कि तलवंडी राणा रोड-बरवाला रोड जो कि चंडीगढ़ हाइवे था, उसके बंद हो जाने का सबसे अधिक असर शिक्षा पर पड़ा है। विशेष तौर पर छात्राओं को सबसे अधिक परेशानी हुई है पहले 5-7 कि.मी. की दूरी तय करके जो छात्राएं अपनी स्कूटी, साइकिल इत्यादि से अपने शिक्षण संस्थानों में चली जाती थीं उन्हें अब लगभग 23 किलोमीटर का सफर तय करके स्कूल कॉलेज पहुंचना पड़ रहा है। इसका सबसे अधिक असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ा है। रोड बंद हो जाने से तलवंडी राणा, बुगाना, धिकताना, बीड़ बबरान, जुगलान, बहबलपुर, धांसु आदि गांवों के ग्रामीणों के शिक्षा, रोजगार, रहन-सहन व स्वास्थय पर बुरा असर पड़ा है। कर्मचारी, व्यापारी, किसान, मजदूर, छात्र सभी परेशान हैं। वहीं इस रोड पर पड़ने वाले अनेक उद्योग, धंधे, व्यापार, दुकानें, बाजार ठप पड़े हैं और उनके व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। अनेक लोगों के काम धंधे इस रोड के बंद हो जाने से छिन गए हैं। कोहली ने बताया कि पिछले दिनों श्री श्याम बाबा का ऐतिहासिक एवं बहुत पुराना मंदिर गांव बीड़ बबरान है जो कि इसी रोड पर पड़ता है जहां हर साल श्रद्धालु ध्वजा निशान चढ़ाने पैदल जाते हैं। पिछले दिनों लाखों की संख्या में श्रद्धालु हिसार सहित अन्य क्षेत्रों से यहां पैदल मंदिर गए जिन्हें कच्चे रास्ते से होकर मंदिर तक जाना पड़ा जो कि उबड़-खाबड़ व कांटों से भरा हुआ था जिससे सैकड़ों लोगों के पांवों में छाले पड़ गए और उनके पैर जख्मी हो गए जिसमें महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग भी शामिल थे। रोड बंद होने से न केवल ग्रामीण बल्कि भगवान के भक्त भी परेशान हैं।



# जाट धर्मशाला में हुई संयुक्त जल संघर्ष समिति की बैठक, मुख्य नहरों संबंधि हुई विस्तार से चर्चा : दिलबाग हुड्डा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** संयुक्त जल संघर्ष समिति की बैठक विगत दिवस जाट धर्मशाला हिसार में समिति के प्रधान विजेंद्र बेनीवाल की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में भाखड़ा मुख्य नहर की बंदी के उपरांत बालसमंद ब्रांच, बीएमएल बरवाला में पेचवर्क व रेजिंग के कार्य करवाए जाएं तथा उनके सफाई करवाई जाए बीएमएल बरवाला में सफाई साथ अवरोधों को भी हटाया जाए, सारे हैड पर क्यूनर बनाया जाए, समिति ने बासडा नंबर दो, रावलवास,बुडाक सब माइनर न्यू सरसाना माइनर के अधूरे कार्यों को पूरा किया जाए, दुर्जनपुर माइनर पर रास्ता तथा पैच वर्क पूरा किया जाए। इसके बाद समिति ने एसई विमल कुमार व एसडीओ सतबीर कुहाड़ के साथ मीटिंग की तथा उपरोक्त मुद्दों को उठाया तथा अधिकारियों के बार-बार संज्ञान में लाने के बाद भी कार्य नहीं हो रहा। समिति द्वारा बासड़ा 3 के निरीक्षण के दौरान कार्य में भारी अनियमितता पाई गई। इस पर समिति ने अधिकारियों के साथ चर्चा की इसके बाद एसई विमल कुमार व एसडीओ सतबीर कुहाड़ ने जाकर भी मौके पर निरीक्षण किया और पूरी कमेटी साथ थी और कार्यों बहुत ज्यादा अनियमितता पाई गई तथा अधिकारियों ने मौके पर ठेकेदार को सही कार्य करने के लिए कहा और चेतावनी दी की कार्य ठीक नहीं किया तो कानूनी कार्रवाई आपके विरुद्ध की जाएगी। इस मौके पर समिति के महासचिव सत्यवीर पूनिया और चीफ एडवाइजर दिलबाग सिंह हुड्डा, कोषाध्यक्ष सत्यवीर गढ़वाल, सचिव अनिल लौरा, पूर्व सरपंच जगदीश, सतबीर झाझरिया, वीरेंद्र पूनिया, रामवीर ढांडा, रन सिंह कस्वा, दलवीर बेनीवाल, यशपाल कालीरावन, रोहतास नंबरदार, सतपाल शास्त्री, उमेद ढाका, रोशन, विजय, भूप काडयान, सतबीर नंबरदार आदि मौजूद थे।

# महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में तीन दिवसीय घरेलू बिजली और उपकरण मरम्मत वर्कशाप का समापन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** आज महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज भिवानी रोहिल्ला में घरेलू बिजली और उपकरण मरम्मत हेतु तीन दिवसीय वर्कशॉप का समापन हुआ। वर्कशॉप में मुख्य वक्ता के तौर पर महाविद्यालय चेयरमैन श्री भारत भूषण प्रधान उपस्थित हुए ।उन्होंने छात्राओं को बताया कि किस तरह हम विभिन्न तरीकों द्वारा घरेलू बिजली उपकरणों की मरम्मत घर पर ही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम घर पर ही फ्यूज कैसे बदल सकते है? बिजली उपकरणों में करंट है या नहीं कैसे पता कर सकते हैं इसके बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर कॉलेज डायरेक्टर डॉ नीलम प्रभा ने छात्राओं से कहा कि हमें अपने मोबाइल फोन को चार्ज करते समय उपयोग में नहीं लेना चाहिए क्योंकि उस समय करंट का खतरा बढ़ जाता हैं और आजकल हम इसमें बहुत लापरवाही करते हैं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में भौतिक विज्ञान की प्राध्यापिका अंजलि ने छात्राओं को समझाया कि हमारे घरों में बिजली उपकरणों के प्रयोग के समय अर्थिंग होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आजकल ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बिजली उपकरणों को बिना किसी बचाव या सावधानी बरते उपयोग करते हैं जिसके कारण करंट की घटनाएं बढ रही है इसलिए हम सबको अपने आसपास के लोगों को बिजली उपकरणों का उपयोग करते समय रबड़ की चप्पल पहनने के प्रति जागरूक करना चाहिए। इस वर्कशॉप में महाविद्यालय के स्टॉफ सदस्यों व छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया।



# प्राचीन शीतला माता मंदिर में शीतला सप्तमी पर मेला 31 मार्च से

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** सैनियान मोहल्ला स्थित प्राचीन श्री शीतला माता मंदिर में शीतला सप्तमी के पावन पर्व पर तीन दिवसीय मेला 31 मार्च से शुरू होगा। मेले को लेकर मंदिर के प्रधान मुकेश सैनी मोनू की अध्यक्षता में पदाधिकारी की बैठक हुई जिसमें मेले की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। मुकेश मोनू ने बताया कि मां शीतला का यह मंदिर लगभग 350 वर्ष पुराना है। यहां मेले के अवसर पर दूर दराज से भक्त प्राचीन मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचते है और घर में सुख शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। भक्तों की मनोकामना भी पूर्ण होती है। उन्होंने बताया कि प्राचीन शीतला माता मंदिर में शीतला माता नगर खेड़ा, बसंती माता व मनोकामना चैगान माता के पीठ स्थान हैं और मां शीतला यहां विराजमान हैं। उन्होंने बताया कि मेले में आने वाले भक्तों के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। आने वाले भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखकर व्यवस्था की जाएगी।

# जूस का ठेला लगाने वाले का बेटा 9 दिन से घर से लापता, अभी तक नहीं लगा कोई सुराग

## पिता ने पुलिस मिलगेट थाना में दर्ज करवाई रिपोर्ट लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं लगा पाई पुलिस

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** महाबीर कालोनी निवासी जूस का ठेला लगाने वाले राजबीर पुत्र मांगेराम का लड़का गत 5 मार्च से घर से लापता है। इस बारे में राजबीर सिंह ने मिलगेट थाना में शिकायत दर्ज करवाई है लेकिन अभी तक उनके बेटे राहुल का कोई पता नहीं चल पाया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया कि उनके बेटे को जल्द से जल्द से पता लगाया जाए। राजबीर सिंह ने बताया कि उनके तीन बच्चे हैं जिनमें से बड़ा लड़का राहुल गत 5 मार्च को दोपहर लगभग 1 बजे से घर से निकला था उसके बाद से वह घर नहीं लौटा। उन्होंने उसकी सभी जगह तलाश की और सभी दोस्तों, रिश्तेदारी में पता किया लेकिन कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद उन्होंने 9.3.2024 को मिलगेट थाना में एफआईआर दर्ज करवाई लेकिन एफआईआर दर्ज होने के 4 दिन बाद भी पुलिस उनके बेटे का कोई पता नहीं लगा पाई है। उन्होंने बताया कि उनके बेटे की उम्र 24 वर्ष है कद 5 फुट 5 ईंच और रंग साफ है, उसने नीले रंग की जिंस और हरे रंग की कमीज व काले रंग की जैकेट पहनी है और पांव में जूते डाल रखे है। राजबीर सिंह ने बताया कि वे सैक्टर 9-11 मोड़ पर जूस का ठेला लगाते हैं। जिस दिन से उनका बेटा घर से गया है तब से सभी परिवार वाले बहुत अधिक परेशान हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई कि उनके बेटे को जल्द से जल्द से तलाश किया जाए ताकि हमारे परिवार की परेशानी दूर हो।









**पाठक ध्यान दें...**

दैनिक पाठकपक्ष के समाचारों को आप हमारी वैबसाइट pathakpaksh.com और फेसबुक पेज pathak paksh पर भी रोजाना पढ़ सकते हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, हनुमान पुत्र श्री राम स्वरूप, निवासी गांव रावलवास खुर्द, जिला हिसार, हरियाणा सूचित करता हूं कि मेरा सही नाम हनुमान है व मेरे ड्राईविंग लाईसैंस के रिकार्ड में मेरा नाम हनुमान सिंह दर्ज है, हनुमान व हनुमान सिंह ये दोनों नाम एक ही आदमी यानि मेरे ही हैं।

-शपथकार

**Name Change**

I, Sanjay Kumar S/o Sh. Karam Narayan R/o H. No. 3010, Near Civil Hospital, Sector-14 Part 02, Hisar (Haryana) 125001 hereby declare that I have changed my Name from Sanjay Kumar to Sanjay Asija for all future purposes.

- Deponent

**डॉ. बलबीर सैनी**
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
**बलबीर हस्पताल**
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573

**जापानी चौखट व जंगले** ऑर्डर पर तैयार किए जाते हैं
हमारे यहां JSW की PREPAINTED 1.5 MM (16 GAUGE) Sheet का प्रयोग किया जाता है, जो निर्माता द्वारा उच्च तकनीक से बनाई जाती है व जंगरोधक होती है।
गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं 94670-50404
**JBS ENTERPRISES**
सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल के पास, गुरु कृपा धर्मकांटा के पीछे, तोशाम रोड, हिसार




# बगला गांव के मिण्डा परिवार की सेवाओं से निहाल हुए इलाके के कई गांव

**मिण्डा अस्पताल व स्कूल ने कीर्तिमान स्थापित किया!**

**डीम्ड यूनिवर्सिटी बनाना विचाराधीन**

***पाठकपक्ष न्यूज हिसार, 14 मार्च (देवेन्द्र उप्पल)।*** *बगला गांव के मूल निवासी मिण्डा परिवार द्वारा स्थापित मोगा देवी मिण्डा चैरिटेबल ट्रस्ट शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में इस ग्रामीण इलाके में बहुत की लाभदायक और उपयोगी कार्य कर रहा है। ट्रस्ट ने 2010 में स्कूल की स्थापना की और 2016 में अस्पताल स्थापित किया। स्व. श्री शादी लाल मिण्डा उदार और दानी व्यक्तिव के स्वामी थे और स्वयं उच्च स्तर पर व्यवसाय/उद्योग स्थापित करने के बाद उन्होंने अपने पैतृक गांव बगला व आसपास के क्षेत्र की उन्नति के बारे में न केवल सोचा अपितु विपुल राशि लगाकर अनेक परियोजानाएं यहां शुरू की। अस्पताल, स्कूल, कम्प्यूटर कक्षाएं, सिलाई सेंटर और मंदिर आदि स्थापित करके आम जनता के लिए यह ट्रस्ट बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है। ट्रस्ट के डायरेक्टर एम.सी. जोशी के अनुसार आधुनिक रोजगार परक शिक्षा के साथ-साथ एक उत्कृष्ट इंसान बनाना और बच्चों में रचनात्मकता उत्पन करना हमारा प्रमुख उद्देश्य है। हमारा प्रयास है कि इस ग्रामीण इलाके के लोगों को इलाज की हर सुविधा बहुत कम खर्च पर यहीं उपलब्ध हो जाए। ट्रस्ट द्वारा खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए स्पोर्ट्स अकादमी भी स्थापित की गई है*


**निर्मल मिण्डा**
चेयरमैन


**अशोक मिण्डा**
वाइस चेयरमैन


**एम.सी. जोशी**
डायरेक्टर

## मोगा देवी मिण्डा मेमोरियल स्कूल

**School rural,standard metropolitan.**




यह स्कूल यद्यपि ग्रामीण क्षेत्र में है परंतु इसका स्तर महानगर जैसा है। स्कूल का कुशल संचालन प्रिंसीपल मैथ्यू वर्गीज कर रहे हैं। उनके परिश्रम व लगन के कारण यह स्कूल भारत के उच्च कोटि के स्कूलों में गिना जाने लगा है। उन्होंने बताया कि स्कूल ‘‘ न लाभ न हानि’’ के आधार पर चलाया जा रहा है, जिस कारण फीस अपेक्षकृत काफी कम है और अभिभावकों पर ज्यादा बोझ नहीं पड़ता।



स्वर्गीय श्री शादीलाल मिण्डा जी का स्वप्न था कि गांवों का उत्थान शिक्षा और स्वास्थ्य से ही संभव है और स्कूल तथा अस्पताल स्थापित करके उनका स्वप्न साकार हो गया है। इस स्कूल में लगभग 58 गांवों और हिसार नगर के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। इलाके का सबसे उत्तम ऑडिटोरियम बनाया जा रहा है। क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए यहां ‘डीम्ड विश्वविद्यालय’ स्थापित करने का भी विचार और प्रस्ताव है ताकि युवक-युवतियों को उच्चतर शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े। बोलने-लिखने व रचनात्मक निपुणता की ओर विशेष ध्यान दिए जाने के साथ यहां के छात्र उच्च पदों पर देश-विदेश में नियुक्त हो रहे हैं। कोविड काल में यहां के शिक्षकों ने बच्चों को उनके घर में जाकर भी शिक्षा प्रदान की जोकि एक प्रशंसनीय उदाहरण है। स्कूल में लगभग 45 प्रतिशत छात्राओं का होना यह बात सिद्ध करता है कि देहात में नारी-शिक्षा के विस्तार को बहुत बल मिला है।

## एस.एल.मिण्डा मेमोरियल अस्पताल

**All quality medical facilities under one roof**




*2016 में स्थापित यह अस्पताल अब एक मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल बन गया है। इलाके की जनता इस अस्पताल की ज्यादा प्रशंसा इसलिए कर रही है कि यहां के डॉक्टरों द्वारा नजदीक गांवों में लगातार हर महीने में पांच से दस स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में जनता को बहुत लाभ मिल रहा है।*



*अस्पताल के चीफ ऑपरेटिंग अफसर नवीन चंद्र ने बताया कि अस्पताल की एंबुलेंस सेवा फ्री है, जिससे आपातकाल में रोगियों को लाने व उनका जीवन सुरक्षित करने में बहुत मदद मिल रही है। डोर-स्टेप यानी नजदीक ही लोगों को बहुत कम खर्च पर इलाज और सस्ती दवाइयां भी मिल रही हैं। सभी रोगों के विशेषज्ञ नियुक्त कर दिए गए हैं। जहर के केसों में 90 प्रतिशत सफलता प्राप्त हुई है।*



*मुख्य चिकित्सक डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि 50 बिस्तर के इस अस्पताल में हर तरह की चिकित्सा उपलब्ध करा दी गई है। एण्डोस्कोपी और इको-कार्डियो भी निकट भविष्य में शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जनता को स्मोकिंग व अन्य व्यसनों से बचना चाहिए क्योंकि इनके कारण रोग बढ़ रहे हैं। यहां ओपीडी की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है।*



*जनरल सर्जन डॉ. जतिन बेदी ने बताया कि यहां अब हर तरह की सर्जरी की जाती है। रोगियों को कम खर्च में शीघ्र आराम प्राप्त होता है। ओपीडी लगातार बढ़ रही है और अस्पताल का भविष्य बहुत उज्जवल है। फिलहाल महीने में लगभग 40 सर्जरी केस होते हैं, जिनके लिए सभी माडर्न यंत्र इस्तेमाल किए जाते हैं। गत दिवस गांव छानी-बड़ी में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें सामान्य रोग विशेषज्ञ, महिला विशेषज्ञ और जनरल सर्जन ने लोगों की जांच की।*



*महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. आकांक्षा ने बताया कि पोषक तत्वों की कमी के कारण महिलाओं में एनीमिया (खून की कमी) पाया जाता है। शारीरिक गांठों को समय पर चेक न कराने के कारण रसौली के केस भी आ रहे हैं। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए और समय-समय पर जांच कराने में हिचकिचाहट नहीं करनी चाहिए। अस्पताल द्वारा लगाए जा रहे शिविर के कारण महिलाओं में जागरूकता बढ़ रही है और वे सामान्य जांच के लिए अस्पताल आने लगी हैं।*



*डॉ. आशीष गोयल जनरल मेडिसन के साथ-साथ जहर पीड़ितों के इलाज के स्पेशलिस्ट हैं। इनको 90 प्रतिशत जहर केसों में सफलता का श्रेय प्राप्त है। डॉ. गोयल ने बताया कि खेती में ओले पड़ने के कारण दुखी किसानो ने जहर पी लिया, जिन्हे तुरंत इलाज देकर बचाया गया। ऐसे केसों में देरी घातक सिद्ध होती है। तंबाकू के सेवन से छाती के दमा आदि रोग बढ़ रहे हैं। कोई भी रोग हो तुरंत जांच करानी चाहिए। यहां एक छत के नीचे सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। कैंप में दवाइयां, शुगर जांच, बीपी जांच व ईजीसी फ्री होती है और अस्पताल में होनी वाली लैब जांच व एक्स-रे पर 15 प्रतिशत की विशेष छुट है।*



*गांव के सरपंच जुगल किशोर का कहना है कि मिण्डा परिवार, विशेषकर निर्मल मिण्डा, अध्यक्ष और अशोक मिण्डा, वाइस चेयरमैन,की जितनी प्रशंसा की जाए कम है, क्योंकि ये दोनों स्व. शादी लाल मिण्डा जी के स्वप्न को साकार और सेवा कार्यों को विस्तार प्रदान कर रहे हैं। इस परिवार ने ग्रामीण क्षेत्र को बहुत लाभ पहुंचाया है।*

# हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों की जीत में महिलाओं की होगी प्रमुख भूमिका : उषा प्रियदर्शी

## केन्द्र व प्रदेश सरकार ने महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** भाजपा महिला प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदशी ने कहा है कि मोदी सरकार ने महिलाओं के कल्याण व उनका जीवन स्तर उंचा उठाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई है। इसी की बदौलत महिला वर्ग तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने की उत्सुक है। उषा प्रियदर्शी भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। वे यहां लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मंडल व बूथ स्तर की बैठकें लेने आई थीं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जहां महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं चलाई,




वहीं महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत का कानून लाकर उनके हित में बड़ा कार्य किया है। इसके लिए महिलाएं प्रधानमंत्री की आभारी हैं और वे केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर पहुंचाने के अभियान में लगी है। उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्गों ने किसी समय राम मंदिर टूटते देखा था लेकिन हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उस पल के साक्षी हैं, जब हमने मंदिर बनते हुए व उसमें भगवान राम लला की आरती होती देखी है। यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के मजबूत नेतृत्व से ही संभव हो पाया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हरियाणा में जजपा से गठबंधन टूटने का कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि जनता ने नरेन्द्र मोदी को पहले ही तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की ठान रखी है। हम यह कह सकते हैं कि हरियाणा की सभी लोकसभा सीटें भारतीय जनता पार्टी जीत रही है और इस जीत में महिलाओं की अहम भूमिका होगी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी के अलावा हिसार लोकसभा प्रभारी जसविन्द्र कौर व सह प्रभारी राखी मक्कड़, मीडिया प्रदेश संयोजक श्वेता, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बरखा, प्रदेश महामंत्री गायत्री देवी, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा हिसार सुनीता रेड्डू, भिवानी महेन्द्रगढ़ लोकसभा प्रभारी सरोज सिहाग व मीनू भुटानी सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थीं।

# लोकसभा चुनाव–2024 के मद्देनजर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में चलाया जाएगा सघन अभियान : जिला निर्वाचन अधिकारी

**7 मतदान केंद्र पर महिलाएं, 7 पर दिव्यांगजन तथा 7 केंद्रों पर युवा करेंगे मतदान प्रक्रिया का संचालन**

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में सघन अभियान चलाएं। वीरवार को सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता किसी भी चुनाव के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम है। उपायुक्त ने गत लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत्ता की समीक्षा करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र-52 हिसार में सबसे कम मतदान हुआ था, जोकि एक चिंता का विषय है, संबंधित अधिकारी इसके पीछे के कारणों तक जाएं।



उन्होंने चुनाव कैलेंडर के अनुरूप मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता अभियान के लिए स्थापित स्क्रीन पर शॉर्ट फिल्में चलाने, बस क्यू शैल्टर पर पोस्टर अभियान, नगर निगम के वाहनों पर ऑडियो संदेश चलाने, डीपीआर हरियाणा के स्ट्रक्कर के माध्यम से अभियान चलाने तथा नगर के विभिन्न संगठनों व समूहों की बैठकें करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिले में लगभग 1305 बीएलओ हैं, इन सबकी बैठक करके इन्हें भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्रभावी कदम उठाने के लिए कहा जाएगा। चुनाव में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जिले में 7 ऐसे मतदान केंद्र होंगे, जहां केवल महिलाएं ही मतदान प्रक्रिया का संचालन करेंगी। इसी प्रकार से 7 केंद्रों पर दिव्यांगजन तथा 7 केंद्रों पर युवा मतदान प्रक्रिया का संचालन करेंगे।

# किसान नेता शमशेर सिंह नंबरदार के नेतृत्व में हजारों किसान दिल्ली महापंचायत में पहुंचे

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 मार्च :** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आज दिल्ली में हो रही किसान महापंचायत में भाग लेने के लिए जिला प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार के नेतृत्व में हिसार से हजारों किसान रेल गाड़ियों, बसों व अन्य साधनों से दिल्ली पहुंचे। किसानों ने आज सभी प्रशासनिक बाधाओं को पार करते हुए एवं सरकार को ललकारते हुए




दिल्ली पहुंचने का काम किया। किसानों का एक जत्था सतवीर धायल, अनिल बेंदा, कपूर सिंह बगला के नेतृत्व में दिल्ली के लिए रवाना हुआ जिसे जिला प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके अलावा सत्यपाल कोड़ा, कर्मवीर पूनिया, चंदगी राम भैणी, सज्जन कालीरावण व तहसील सचिव रमेश मिरकां के नेतृत्व में वजीर सिंह लाडवा, राममेहर, ईश्वर सिंह ग्रेवाल, लक्ष्मण शाहपुर, किसान नेत्री कमला देवी, दिनेश सिवाच के नेतृत्व में अलग-अलग स्थानों से किसानों के जत्थे दिल्ली के लिए रवाना हुए। तहसील प्रधान सूबे सिंह बूरा ने बताया कि आज की दिल्ली महापंचायत में जो भी फैसला लिया जाएगा, किसान सभा उसे पूर्ण रुप से लागू करने का काम करेगी।

**Name Change**

KAVITA W/o VINIT KUMAR R/o H. No. 84 BLOCK No. 2, DISTRICT BOARD GALI, VPO. SIWANI BOLAN DISTT. HISAR HARYANA 125047 do hereby declare that I have change my name from KAVITA to KAVITA SIHAG for all future purpose.

- Deponent

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818
Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

